**जाम** शहर के एंट्री प्वाइंट पर जाम बना मुसीबत का सबब

# भेड़ाघाट, पाटन और कटंगी बाईपास पर घंटों लगा जाम



कटंगी-दमोह बायपास पर जाम



भेड़ाघाट बायपास पर जाम

**जबलपुर, नवभारत।** शहर में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्तव्यस्त कर दिया है। गुरुवार सुबह से जारी बारिश ने सड़क और यातायात व्यवस्था दोनों को ठप कर दिया। शहर के मुख्य प्रवेश मार्ग भेड़ाघाट बाईपास, पाटन बाईपास और कटंगी बाईपास पर लंबा जाम लग गया, जिससे हजारों वाहन घंटों तक फंसे रहे। लगातार गिरती बारिश के बीच भारी वाहनों की लाइनें लग गईं। कई जगह सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे चलते गाड़ियां रेंग-रेंग कर आगे बढ़ती रही। बात करे अगर कटंगी बाईपास की तो इसके चारों ओर करीबन आधा से एक किलोमीटर लंबा जाम देखने को मिला, जबकि पाटन और भेड़ाघाट मार्ग पर ट्रैफिक रुका हुआ दिखाई दिया।

### फ्लाईओवर एक मात्र उपाय

जानकारों कि माने तो दीनदयाल आईटीआई में आए दिन लगने वाले जाम का एकमात्र उपाय फ्लाइओवर का निर्माण बताया जा रहा है। वहीं यातायात विभाग से जुड़े अधिकारी बताते हैं कि दीनदयाल चौराहे आईटीआई से कटंगी बाईपास तक लगने वाले जाम का मुद्दा हमेशा से ही सड़क सुरक्षा समिति के समक्ष रखा जाता है। वही इस मार्ग पर शीघ्र ही फ्लाइओवर के निर्माणकार्य को इजाजत मिल सकती है।

### लोगों की मुश्किलें बढ़ीं

गुरुवार को बारिश से बचने के लिए लोग ब्रिजों और दुकानों की छतों के नीचे शरण लेते नजर आए, वहीं कई राहगीर बारिश में भीगते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचने की कोशिश करते दिखे। सड़कों पर जगह-जगह जलभराव और कीचड़ की स्थिति ने लोगों की परेशानी को दोगुना कर दिया।

प्रशासन अलर्ट, ट्रैफिक पुलिस की टीम मौके पर तैनात

लगातार बढ़ते ट्रैफिक जाम को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने कई पॉइंट्स पर मोर्चा संभाला हुआ है। बता दे कि जबलपुर से कटंगी अप डाउन करने वाली छात्राएं, महिलाएं जब प्रतिदिन की भांति समय पर घर नहीं पहुंची तो उनके परिजन चिंता में पड़ गए। फोन लगाया फोन नहीं उठने पर और चिंता बढ़ी। तब परिजनों ने बस के ड्राइवर्स को फोन लगाकर जाम की जानकारी ली। कुछ परिजन अपना वाहन लेकर बायपास पहुंचे और परिजनों को बैठकर घर गए।



पाटन बायपास में लगा जाम

### इनका कहना है



जाम की समस्या दिन ब दिन विकराल होती जा रही है। अब शहर में फ्लाइओवर की सख्त जरूरत समझ में आ रही है।

**कैलाश चक्रवर्ती**



दीनदयाल एवं शहर के अन्य चौराहों पर जाम की समस्या हर दिन देखने को मिलती है। जाम में फंसकर लोगों का कीमती समय नष्ट होता है।

**राज पटेल**

यातायात पुलिस द्वारा दीनदयाल चौराहे से कटंगी बाईपास तक लगने वाले जाम को सुलझाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाते हैं। यहां पर्याप्त बल की भी तैनाती की जाती है।

**संतोष कुमार शुक्ला**
**डीएसपी, यातायात**



## 1 दिसम्बर से चालू होगा कठौंदा का वेस्ट टू एनर्जी प्लांट: निगमायुक्त

▶ प्लांट से 11 मेगावॉट बिजली उत्पादन करने की हो रही तैयारियां

**नवभारत,जबलपुर।** देश के पांचवे स्वच्छ सिटी जबलपुर को पहले पायदान पर पहुंचाने के लिए नगर निगम द्वारा अभी से कवायद शुरू कर दी गयी है। पिछले कुछ दिनों से कठौंदा स्थित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का संचालन बंद है। इस दौरान बड़े पैमाने पर उपकरणों के मेन्टनेंस-मरम्मत का कार्य कराये जा रहे हैं, जिसके निरीक्षण के लिए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार सभी तकनीकी अधिकारियों के साथ प्लांट गुरूवार को पहुंचे। इस अवसर पर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा प्लांट परिसर में पौधारोपण कर स्वच्छ पर्यावरण का संदेश भी दिया। निरीक्षण के मौके पर कलेक्टर एवं निगमायुक्त ने बताया कि प्लांट का मेन्टनेंस गुणवत्ता के साथ कराया जा रहा है, जो नवम्बर माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा और 1 दिसम्बर से पूरी क्षमता के साथ कठौंदा के वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का संचालन प्रारंभ हो जायेगा। प्लांट के संचालन से 11 मेगावॉट बिजली उत्पादन होगी, इसके लिए प्रतिदिन 600 टन कचरा से बिजली का उत्पादन किया जायेगा। इस मौके पर निगमायुक्त ने बताया कि प्लांट के बंद होने से परिसर में प्रतिदिन का कचरा 3 लाख मेट्रिक टन एकत्रित किया गया और अब अलग-अलग छंटनी कर कचरे का सेग्रिगेशन भी कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सेग्रिगेशन के उपरांत आगामी 6 माह में एकत्रित कचरों का वैज्ञानिक पद्धति से निस्तारण किया जायेगा। निरीक्षण के समय अपर आयुक्त अरविन्द शाह, व्ही.एन. बाजपेयी, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक यंत्री सुनील दुबे, अभिनव मिश्रा, संजय सिंह, अंकुर नाग, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोलाराव, के अलावा कुंदन ग्रीन एनर्जी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सुरक्षा-सफाई कंपनियों पर जुर्माना, प्रभारी डॉक्टर को नोटिस

▶ लापरवाही के सेप्टिक टैंक में गिरने से दो मासूमों की हुई थी मौत

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत मनमोहन नगर सामुदायिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जिम्मेदारों की लापरवाही से खुले पड़े चेंबर ने रविवार शाम दो मासूमों की जिंदगियां लील ली थी। इस मामले में जिम्मेदारों की गंभीर लापरवाही सामने आई थी। मामले में कलेक्टर के निर्देश में जांच टीम गठित हुई। जांच के बाद सुरक्षा कंपनियों पर 20-20 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है जबकि केन्द्र प्रभारी डॉक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सीएमएचओ संजय मिश्रा ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनमोहन नगर में हुए हादसे में कलेक्टर के निर्देश पर सफाई की ठेका कंपनी प्रकाश एंड कंपनी ग्वालियर व सुरक्षा के लिए लगाई गई कंपनी स्काई बुल सिक्योरिटी सर्विसेज पर 20-20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है इसके अलावा भविष्य में कार्य पर लापरवाही होने पर अनुबंध समाप्त करने की चेतावनी दी गई है संस्था के प्रभारी को कारण बताओं नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब मांगा गया है। विदित हो कि राजेश विश्वकर्मा 39 वर्ष निवासी त्रिमूर्तिनगर चौथी गली ड्रायवरी का काम करता है। रविवार शाम लगभग 5-30 बजे उसका बड़ा बेटा विनायक विश्वकर्मा 12 वर्ष एवं छोटा बेटा कान्हा विश्वकर्मा 10 वर्ष मोहल्ले के अन्य लड़कों के साथ घर के पीछे मैदान में क्रिकेट खेल रहा था खेलते खेलते बाल मनमोहन नगर अस्पताल की बाउण्ड्री बाल के अंदर चली गई तो दोनों लड़के गेंद ढूढ़ने अस्पताल की बाउण्ड्री बाल के अंदर कूद गयेथे एवं गेद तलाश करते करते अस्पताल में बनी सेप्टिक के अंदर गिर गये थे सेप्टिक टेंक में पानी में डूबने से दोनों की मौत हो गई थी। इस मामले में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया था। साथ ही यह भी आरोप लगे कि सरकारी अस्पतालों व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सफाई और सुरक्षा के नाम पर करोड़ों रुपयों का सरकारी ठेका निजी कंपनियों को दिया गया है लेकिन व्यवस्थाएं चरमराई हुई है।

### जमीन विवाद पर तहसीलदार के यहां बयान दिए तो युवक को पीटा

जबलपुर। बरगी थाना क्षेत्र में जमीन विवाद पर तहसीलदार के यहां बयान देना एक युवक को महंगा पड़ गया। बदमाशों ने उसकी बेरहमी से पिटाई की और धमकाते हुए फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक कमलेश चक्रवर्ती 29 वर्ष निवासी गंगानगर गढ़ा संजीवनीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ईट भट्टे का काम करता है अपना ट्रेक्टर लेकर मामा के खेत टेमर फल जा रहा था पुरानी जमीन के विवाद में तहसीलदार के यहाँ उसके बयान हुए थे जिसकी बुराई के कारण गुरुवार को धर्मेन्द्र चक्रवर्ती, राजा चक्रवर्ती और गुड्डा चक्रवर्ती ने उसके साथ मारपीट किए। इसके बाद तीनों जान से मारने की धमकी देकर भाग गये।

## जबलपुर में विजयराघवगढ़ विधायक संजय के पोस्टर ने बढ़ाई बेचैनी

▶ भाजपा के खेमे में चर्चाओं का बाजार गर्म

**नवभारत,जबलपुर।** कटनी जिले की विजयराघवगढ़ विधानसभा के विधायक संजय पाठक का पोस्टर इन दिनों जबलपुर में राजनैतिक गलियारों में अपने वर्चस्व को मजबूर करते नजर आ रहा है जिसको लेकर जबलपुर के भाजपा के दिग्गजों के खेमे में चर्चाएं होने लगीं हैं कि ये विधायक तो कटनी जिले के विजयराघवगढ़ क्षेत्र के हैं और इनके जन्मदिवस पर बधाईयों का पोस्टर, बैनर तो वहीं उनके इलाके में लगना चाहिए था ये जबलपुर में क्यों लगा हुआ है? जानकारी के अनुसार विधायक संजय पाठक का जन्मदिवस 31 अक्टूबर को है और उन्हें बधाईयां देते हुए का एक पोस्टर जबलपुर के चौथा पुल इलाके सहित कुछ अन्य जगहों पर भी लगा हुआ है जो कि इन दिनों शहर की राजनैतिक गलियारों की सुर्खियां बना हुआ है। राजनैतिक जानकारों की माने तो विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक का जबलपुर में भाजपाई खेमे में हस्तक्षेप आगामी दिनों में होने वाले पार्टी स्तर पर बड़े बदलाव की ओर इशारा कर रहा है। ये पहला मौका नहीं है जब विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक के पोस्टर को शहर में लगने पर चर्चाओं का बाजार गर्म नहीं हुआ है। इसके पहले भी गत वर्ष भी इन महोदय का पोस्टर विजय नगर व उसके आसपास के इलाके में लगाया गया था जिसके बाद अज्ञात लोगों ने विधायक के पोस्टर फाड़ भी दिए थे।



### आरएसएस के सामने दिखा रहे अपनी छवि

गौरतलब है कि वर्तमान में आरएसएस की 3 दिवसीय बैठक जबलपुर में चल रही है जिसमें आरएसएस से सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत भी शामिल हुए हैं। ऐसे में कयास ये भी लगाए जा रहे हैं कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुखों के सामने विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक अपने आप का जबलपुर में भी वर्चस्व दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। ये पोस्टर उनके चहेते ने शहर में लगाया है कि फिर उन्होनें खुद लगवाया है इसका तो पता नहीं लेकिन शहर में लगे पोस्टर ने जबलपुर के भाजपा के दिग्गजों को सोचने पर मजबूर तो कर दिया है।

## अतिक्रमण हटाने प्रशासन ने दिया मौका

**जबलपुर।** जिला, निगम एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा मानवीयता का मिशाल पेश करते हुए पहलीबार शहर के मुख्य मार्गो, बाजार क्षेत्रों और शासकीय सार्वजनिक स्थलों के आस-पास के अतिक्रमणों को हटाने के पहले शहर भर में मुनादी कराकर स्वयं से अतिक्रमण हटाने अपील की गयी है। इस संबंध में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि गौरीघाट, गोरखपुर, बड़ा फुहारा, छोटा फुहारा, मालवीय चौक, सुपर मार्केट, सिविक सेन्टर, गोराबाजार, तीन पत्ती से ब्लूम चौक, आदि क्षेत्रों में अतिक्रमण दस्ता के द्वारा भ्रमण कर बड़े पैमाने पर मुनादी कराई गयी। इस अवसर पर सभी अतिक्रमणकारियों से अनुरोध किया गया है कि सभी लोग स्वेच्छा से सड़क किनारे के अतिक्रमण हटाकर यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने की दिशा में प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई में सहयोग प्रदान करते हुए अप्रिय कार्यवाही से बचें। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि यह कार्रवाई शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ तथा स्वच्छता का वातावरण बनाने के लिए की जा रही है। इन सबके बावजूद भी यदि अतिक्रमणकारियों के द्वारा स्वयं से अतिक्रमण नहीं हटाये जाते हैं तो प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की जाकर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाते हुए कार्रवाई की जायेगी। अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से ने बताया कि मुनादी की कार्रवाई लगातार शहरभर में 3 दिनों तक कराई जायेगी तद्पश्चात कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।




### भगवान पर अभद्र टिप्पणी से आक्रोश एफआईआर नहीं तो होगा प्रदर्शन

जबलपुर। रायपुर में भगवान झुलेलाल और अन्य भगवानों पर अपशब्द और अभद्र टिप्पणी का विरोश शहर में भी शुरू हो गया है। विरोध में सिंधी समाज और मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने केंट थाने में कड़ी कार्रवाई और एफआईआर की मांग कर शिकायत दी है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि कार्यवाही नहीं होती तो पूरे देश में उग्र प्रदर्शन सिंधी समाज द्वारा होगा। केंट टीआई ने कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान हरीश केशवनी (अध्यक्ष व्यापारी संघ),डा अजय वाधवानी( अध्यक्ष),विनय रोहानी,भगत राम बुधरानी,शंकर बेलनी और अन्य सैकडो समाज के लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने घोषित की सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी

▶ जबलपुर के प्रशांत चौरसिया को बनाया गया प्रदेश उपाध्यक्ष

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश और संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले की सहमति से प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत टंडन द्वारा प्रस्तुत पदाधिकारियों की सूची को अनुमोदित किया गया है।

घोषित सूची में प्रदेश भर से वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। जबलपुर से प्रशांत चौरसिया को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं भोपाल से अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, विदिशा से जगदीश व्यास, सतना से मोहम्मद ऐहतिसाम आमिर और छतरपुर से दीप्ती पांडेय को भी उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



इसके साथ ही महामंत्री पद पर सिंगरौली के वरुण द्विवेदी, नरसिंहपुर के चौधरी प्रवीण शर्मा, डिण्डौरी के अरशद सिद्दीकी, भोपाल के अभिनय कुमार जैन और मिर्जा मसूद बैग, तथा सिवनी के देवधर सक्सेना को नियुक्त किया गया है। सचिव पद पर रायसेन के रविन्द्र शर्मा, डिण्डौरी के ललित श्रीवास्तव, विदिशा के गंभीर सिंह बघेल और सुब्हान गोरी, इंदौर के दीपक सोनवाने को जगह दी गई है।

## अवैध हथियार सहित 5 गिरफ्तार

**जबलपुर।** अवैध हथियार के साथ पुलिस ने 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से 1 तलवार एवं 1 बका, 3 चाकू जप्त किया गया ।हनुमानताल थाना प्रभारी धीरज राज ने बताया कि कब्रिस्तान गेट नम्बर 1 के अंदर दबिश दी गई घेराबंदी कर समीर उर्फ मोह. तौफीक पिता शेख रसीद 18 वर्ष निवासी हड्डी गोदाम आजाद चौक हनुमानताल को पकड़ा गया जो जेब में बटनदार चायना चाकू रखे मिला। इसी प्रकार कब्रिस्तान गेट नम्बर 2 में दबिश देते हुये टिक्का उर्फ प्रकाश अहिरवार 43 वर्ष निवासी बापूनगर झंडा चौक हनुमानताल को तलवार लिये रंगे हाथ पकड़ा गया। उल्लेखनीय है कि पकड़े गये आरोपी टिक्का उर्फ प्रकाश अहिरवार के विरूद्ध पूर्व से 3 अपराध पंजीबद्ध है। इसी तरह शहपुरा पुलिस ने खिरकाखेड़ा आम के बगीचा के पास बका लिये लोगों को डरा धमका रहे राजेन्द्र बर्मन 34 वर्ष निवासी रामघाट पिपरिया को पकड़ा गया। इसी प्रकार ओमती पुलिस ने नीलेश सेन 22 वर्ष निवासी भानतलैया हनुमानताल को चाकू सहित रंगे हाथ पकडा। इसी प्रकार घमापुर पुलिस ने मोनू वंशकार 20 वर्ष निवासी बल्दीकोरी की दफाई को चाकू सहित रंगे हाथ पकडा। आरोपी से चाकू जप्त करते हुये 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

## सब्जी व्यापारी को चाकू से गोदा

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना क्षेत्र में बदमाशों ने सब्जी व्यापारी को चाकू से गोद दिया। हमले में घायल को तत्काल उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि श्रीमति रूबी साहू 25 वर्ष निवासी यादव कालोनी लार्डगंज ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पति मोहन प्रसाद साहू सब्जी बेच कर घर वापस आ रहा था जैसे ही अशोक किराना के पास मुकेश गोस्वामी के घर के सामने यादव कालोनी पहुँचा तभी परिचित के विवेक साहू अपने 2 साथियों के साथ रास्ता रोक कर शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगे, रूपये देने से मना करने पर तीनो विवाद करने लगे, विवेक साहू एवं विवेक साहू के एक साथी ने चाकू से हमलाकर कमर के नीचे, वायें पैर, कमर में तथा विवेक साहू के एक अन्य साथी ने डंडे से हमलाकर सिर एवं दोनों कंधों मे चोट पहुँचा दी तीनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

## युवती को ब्लैकमेल कर रहा युवक

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत रद्दी चौकी में रहने वाला युवक युवती को ब्लैकमेल कर रहा है। जिसको लेकर हिन्दू धर्म सेना ने मामले की शिकायत थाने में की हैं। 21 वर्षीय युवती ने बताया कि रद्दी चौकी क्षेत्र का रहने वाला 24 वर्षीय युवक उसे लंबे समय से ब्लैकमेल कर रहा है और पैसों की मांग कर रहा है। युवती ने बताया कि युवक से उसकी पहचान एक निजी कार्यालय में हुई थी, जहां दोनों कार्यरत थे। युवती द्वारा कल हिन्दू धर्म सेना के प्रदेश अध्यक्ष नीरज सिंह राजपूत को अपनी पीड़ा बताई गई। हिन्दू धर्म सेना के पदाधिकारियों ने तुरंत गोरा बाजार थाने पहुंचकर उक्त युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।



## बाल विवाह रोकने निगरानी समितियां गठित

**नवभारत,जबलपुर।** देवउठनी एकादशी एवं आगामी विवाह मुहूर्तों को देखते हुए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए अनुभागीय स्तर पर निगरानी समितियां गठित की हैं। इन समितियों की अध्यक्षता अनुविभागीय राजस्व अधिकारी करेंगे तथा जनपद सीईओ, तहसीलदार, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, बीएमओ, बीईओ एवं थाना प्रभारी सदस्य होंगे। कलेक्टर ने तहसील एवं विकासखण्ड स्तर पर अधिकारियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नामांकित किया है। समितियों को सामूहिक विवाह समारोहों की निगरानी, बाल विवाह की सूचना पर त्वरित कार्रवाई एवं अधिनियम-2006 के तहत वैधानिक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। समितियां लाडो अभियान के अंतर्गत जनजागरण कार्यक्रम आयोजित कर संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करेंगी तथा ग्राम स्तरीय समितियों का गठन कर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करेंगी। बाल विवाह की सूचना हेतु वन स्टॉप सेंटर का कंट्रोल रूम नंबर 0761-2625527 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का व्यापक प्रचार किया जाएगा। आदेश के अनुसार सामूहिक विवाह की अनुमति केवल तभी दी जाएगी जब वर की आयु 21 वर्ष एवं वधु की 18 वर्ष से कम न हो। समितियों को बाल विवाह की रोकथाम के लिए उड़नदस्ता गठित करने और रोके गए विवाहों की जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, कलेक्ट्रेट जबलपुर को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

**निरीक्षण** प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की प्रगति देखने तेवर पहुंचे कलेक्टर और निगमायुक्त

## जरूरतमंदों के स्वयं के आशियाना हो

**जबलपुर।** भारत एवं राज्य शासन की मंशा है कि सभी शहरी पात्र हितग्राहियों जिनके पास स्वयं के आशियाने नहीं हैं उन्हें सुन्दर और सस्ती दरों पर पक्के आवासों की सुविधा मुहैया कराने की है। इस दिशा में केन्द्र सरकार एवं राज्य शासन लगातार आगे आकर पहल कर रही है और पक्के आवासों के निर्माण भी शहरी क्षेत्रों में सभी के पक्के आवासों के लिए पक्के आवासों के निर्माण भी तेज गति से कराए जा रहे हैं। उक्त विचार कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने आवासी परियोजनाओं के निरीक्षण के दौरान व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द सभी परियोजनाओं को उच्चगुणवत्ता के साथ पूर्ण कराकर हितग्राहियों को लाभांवित करें। गौरतलब है कि नगर निगम द्वारा शासन के निर्देशानुसार शहर के प्रमुख क्षेत्र कुदवारी, तेवर, भटौली, परसवाड़ा, तिलहरी, के साथ-साथ रॉंझी के मोहनिया में भी बड़े पैमाने पर फ्लैटनुमा आवास बनवाये जा रहे हैं। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने तेवर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन एवं पूर्ण रूप से निर्मित आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान फ्लैटों के अंदर एवं बाहर का भी निरीक्षण किया और सारी सुविधाएँ देखी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जो कार्य यहाँ परियोजना स्थल पर शेष रह गये हैं उन कार्यों को भी यथाशीघ्र पूर्ण कराएँ। निरीक्षण के मौके पर अपर आयुक्त आरविन्द शाह, व्ही.एन. बाजपेयी, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक यंत्री एवं आवासीय परियोजना के नोडल अधिकारी सुनील दुबे, सहायक यंत्री अभिनव मिश्रा, संजय सिंह, अंकुर नाग, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोलाराव आदि उपस्थित रहे।



## अवैध शराब अहाते को हटाने कांग्रेस ने घेरा थाना




**जबलपुर।** मदन महल क्षेत्र लाडली लक्ष्मी पथ लिंक रोड में अवैध शराब अहाते के खिलाफ कांग्रेस ने मदन महल थाने का घेराव किया। नेताओं ने बताया कि लाडली लक्ष्मी पथ पर संचालित उक्त शराब दुकान से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की गतिविधियाँ बढ़ रही हैं, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है। क्षेत्रीय लोगों के द्वारा जन समर्थन के तौर पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया था। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सीएसपी कोतवाली रितेश शिव को ज्ञापन सौंपा जिसमें माँगें की गईं किअवैध शराब अहाते को तुरंत हटाया जाए। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर 48 घंटों के भीतर अहाते को हटाया नहीं गया तो और यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो विरोध प्रदर्शन और व्यापक स्तर पर किया जाएगा, अनिश्चित कालीन धरना दिया जाएगा। घेराव के दौरान समर्थ अवस्थी,शिशिर नन्होरिया ,नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, राहुल यादव,मनीष नायक, यश गुप्ता,अमित मिश्रा,नीलेश महार, आदि उपस्थित थे।